EDII

Debiyapur News

December 09, 2023

एनटीपीसी के सभागार में उद्योग संबंधी प्रशिक्षण लेती महिलाएं • एनटीपीसी

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण शुरू

- पांच दिन तक दिया जाएगा उद्यमिता संबंधी प्रशिक्षण
- 40 महिलाओं को उद्योग स्थापित करने की बारीकियां सिखाईं

संवाद सूत्र, दिबियापुर : एनीटपीसी में मंगलवार को महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पांच दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें 40 महिलाओं को उद्योग स्थापित करने की बारीकियां सिखाईं जाएंगी। प्रशिक्षण का शुभारंभ एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक जसवीर सिंह अहलावत ने दीप प्रज्वलित कर किया।

अहमदाबाद से प्रशिक्षण देने आए अंजनी कुमार ने महिलाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए उत्पाद की गुणवत्ता, बिक्री संवर्धन, पैकिंग, उत्पाद की लागत व मूल्य निर्धारण, आदि के बारे में बारीकी से समझाया। प्रशिक्षण में महिलाओं को संस्थान का भ्रमण भी कराया जाएगा। एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक ने भी संबोधित किया। जागृति महिला मंडल के अध्यक्ष सरोज अहलावत, राय थामस, निधि पांडेय आदि मौजूद रहे।